**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने बटोही ग्राम का भ्रमण किया



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मझगवां तहसील के नगर पंचायत चित्रकूट के अंतर्गत आने वाले बटोही ग्राम का भ्रमण कर मैदानी स्तर पर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वन मंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर और तहसीलदार चित्रकूट कमलेश सिंह भदौरिया के साथ ग्राम का भ्रमण कर पेयजल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली और निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### मैहर में 10 अप्रैल तक लागू रहेगा कोलाहल नियंत्रण आदेश

**मैहर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत सम्पूर्ण मैहर जिले की सीमा के अंदर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत अधिक कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति या संगठन परीक्षा केन्द्रों से 200 मीटर की परिधि में जुलूस,धरना,प्रदर्शन,आमसभा,नारे बाजी,भूख हड़ताल,आमरण अनशन नहीं करेंगा और न ही किसी प्रकार के अनुचित संसाधनों का प्रयोग करेगा। साथ ही उल्लेखित परिसरों तथा संपूर्ण मैहर जिला की सीमा के अंदर मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 अंतर्गत अधिक कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया हैं। साथ ही रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्रों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। इस संबंध में मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की सुसंगत धाराओं एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जायेगा। जारी आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम1985 के सुसंगत धाराओं के अधीन दंडनीय होगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 10 अप्रैल 2026 की मध्य रात्रि तक संपूर्ण जिले में प्रभावशील रहेगा।

### सेवानिवृत्त सैनिकों का हुआ भव्य स्वागत



**सतना।** चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन की परंपरा के अनुसार भारतीय सेना से सेवा निवृत होकर चार सैनिकों का सतना रेलवे स्टेशन में बड़े हर्ष उल्लास पुष्प माला ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। 31 मार्च को भारतीय सेवा से सेवा निवृत हुए जवान हवलदार बृजेश सिंह,(स्पेशल फोर्स पैरा कमांडो ) हवलदार जितेंद्र तिवारी,हवलदार उमलेश तिवारी,और हवलदार आर नामदेव सकुशल सेवा से सेवा निवृत होने पर चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने बधाई दी और शुभकामनाएं दी ।

### बिजली बिल बकाया होने से देवराजनगर में जल संकटः जनता परेशान

**मैहर।** जनपद पंचायत मैहर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवराजनगर में इन दिनों गंभीर जल संकट गहरा गया है। बिजली कंपनी ने बकाया बिल का भुगतान न होने के कारण पंचायत का नल-जल कनेक्शन काट दिया है। मिली जानकारी के अनुसार,ग्राम पंचायत पर बिजली कंपनी का लगभग 22 लाख रुपये का बिल बकाया है। कनेक्शन कटने से गाँव की करीब 6000 की आबादी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है।

## एयरपोर्ट की जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद, आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट में दर्ज कराई आपत्ति

**सतना।** जिले के उतैली स्थित कोलान बस्ती में रहने वाले आदिवासी परिवारों और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच जमीन के मालिकाना हक को लेकर टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। हाल ही में संपदा अधिकारी,भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए बेदखली नोटिस के खिलाफ बड़ी संख्या में आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

### नोटिस और प्रशासन का पक्ष

विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस के अनुसार,ग्राम उतैली (कोलान बस्ती) के खसरा नंबर 7576 (रकबा 0.065 और 0.036 हेक्टेयर) की भूमि शासकीय रिकॉर्ड में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के स्वामित्व में दर्ज है। प्रशासन का आरोप है कि इस भूमि के लगभग 1500 वर्ग फीट हिस्से पर स्थानीय लोगों ने अनाधिकृत रूप से कब्जा कर कच्चा मकान बना लिया है। तहसीलदार रघुराजनगर के पत्राचार का हवाला देते हुए यह नोटिस 24 मार्च को तामील कराया गया था।

### आदिवासियों का आरोप 'पीढ़ियों से है हमारा निवास'



नोटिस मिलने के बाद लालबाबू कोल,दिलीप आदिवासी और सुनील कोल सहित अन्य निवासियों ने प्रशासन के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। आदिवासियों का कहना है कि वे इस जमीन पर पुश्तैनी रूप से निवास कर रहे हैं,न कि पिछले एक वर्ष के भीतर। नोटिस में यह उल्लेख किया गया है कि मकानों का निर्माण एक साल के भीतर हुआ है,जिसे निवासियों ने पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है। उनका आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारी प्रशासन को गलत जानकारी मुहैया करा रहे हैं ताकि उन्हें उनकी जड़ों से बेदखल किया जा सके। आदिवासियों ने यह भी गंभीर आरोप लगाया कि कलेक्ट्रेट परिसर में कुछ लोगों द्वारा आदिवासी महिलाओं से कोरे कागज पर अंगूठे के निशान लगवाकर मनगढ़ंत प्रतिवेदन तैयार करने की कोशिश की गई है।

### कलेक्ट्रेट में सुनवाई का दौर

विवाद बढ़ता देख गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष सुनवाई आयोजित की गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी के डायरेक्टर अशोक कुमार गुप्ता ने उन 25 प्रभावित लोगों के पक्ष सुने जिन्हें नोटिस जारी किया गया था। कलेक्ट्रेट में इसके लिए एक अलग कक्ष निर्धारित किया गया था,जहाँ एक-एक कर सभी आपत्तियों का रिकॉर्ड तैयार किया गया। फिलहाल मामला दस्तावेजों और बयानों के बीच फंसा हुआ है। जहाँ एक तरफ एयरपोर्ट विस्तार और सुरक्षा के लिए जमीन को खाली कराना जरूरी माना जा रहा है,वहीं दूसरी ओर दशकों से वहां रह रहे आदिवासियों के पुनर्वास और उनके दावों की सच्चाई एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। प्रशासन अब इन बयानों और राजस्व रिकॉर्ड की जांच कर आगे की कार्रवाई तय करेगा।

## 'दीपू की बगिया' में खड़ी कार में मिला युवक का सड़ा-गला शव

सतना।



**सिविल लाइन थाना क्षेत्र के उत्तरी पतेरी इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई,जब एक लावारिस हालत में खड़ी कार के भीतर से तेज दुर्गंध आने लगी। जांच करने पर कार के अंदर एक युवक का शव बरामद हुआ,जो कई दिन पुराना बताया जा रहा है।**

### घटनास्थलः

शव 'दीपू की बगिया' में खड़ी एक पड़ोसी की कार के अंदर मिला है।शव की स्थिति काफी खराब (सड़-गल चुका) थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार,मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त (कमजोर) बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है कि युवक कार के अंदर कैसे पहुँचा और उसकी मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का 24 घंटे का आवासीय वर्ग आयोजित



सतना।

भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार,'पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के अंतर्गत मंडल मझगवाँ का दो दिवसीय आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग 'श्यामवर्ण पैलेस' में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 30 मार्च दोपहर 2 बजे से शुरू होकर 31 मार्च शाम 5:30 बजे तक चले इस 24 घंटे के वर्ग में कार्यकर्ताओं ने कड़े अनुशासन के साथ हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान कुल 8 बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए,जिनमें



विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।

**प्रथम सत्रः** चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार ने 'प्रदेश सरकार की उपलब्धियां' विषय पर प्रकाश डाला। कार्तिकेय द्विवेदी (कार्य विस्तार), शंकरदयाल त्रिपाठी(कार्य पद्धति), डॉ.नंदिता पाठक (बूथ प्रबंधन), रमाकांत गौतम (भाजपा इतिहास), विजय तिवारी (वैचारिक आधार), अभिनव त्रिपाठी (सोशल मीडिया एवं नमो ऐप) और डॉ.श्रीराम मिश्रा ने 'केंद्र सरकार की योजनाओं' पर व्याख्यान दिया। मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह धुर्वे की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्ग में मंडल प्रभारी चंद्रभान कुशवाहा, राजेंद्र उपाध्याय और वर्ग नियंत्रक प्रेमचंद पाण्डेय का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मंच संचालन निखिल गौतम द्वारा किया गया। वर्ग में राजकिशोर द्विवेदी,वीरेंद्र गुप्ता,अरुण द्विवेदी सहित जिले व प्रदेश के पदाधिकारी,वरिष्ठ नेता और 'बूथ त्रिदेव' उपस्थित रहे। अंत में,प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## मैहर में तेज रफ्तार ऑटो का कहरः छात्रा घायल, चालक फरार

**मैहर।** शहर के व्यस्ततम काली माता चौक पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो ने सड़क किनारे खड़ी अल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बीच सड़क पर ही पलट गया।



*इस हादसे में स्कूल जा रही एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए छात्रा को ऑटो से बाहर निकाला और जिला अस्पताल मैहर में भर्ती कराया,जहाँ उसका उपचार चल रहा है। दुर्घटना के तुरंत बाद आरोपी ऑटो चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा।*

*प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ऑटो की गति अत्यधिक थी, जिसके कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में बेलगाम दौड़ रहे ऑटो चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और फरार चालक को जल्द गिरफ्तार कर उचित दंड दिया जाए।*

## महिला कांग्रेस सेवा दल का सम्मेलनः संगीता कांकरिया का भव्य स्वागत



**मैहर।** महिला कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता कांकरिया के मैहर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय दिया। जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्रा की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। शहर के प्रमुख मार्गों को स्वागत द्वारों से सजाया गया था। स्थानीय कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में संगीता कांकरिया ने कहा कि सेवा दल कांग्रेस की रीढ़ है। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे एक बूथ कार्यकर्ता से वे इस पद तक पहुँची हैं। उन्होंने महिलाओं से संगठन में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष धर्मेश घई और वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद चौरसिया ने भी संगठन की मजबूती पर जोर दिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का सूत की माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव हेतु जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करना था।



## मैहर में यश घनघोरिया का भव्य स्वागतः शनि घई के नेतृत्व में उमड़ा सैलाब

**मैहर।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के प्रथम मैहर आगमन पर शहर में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। रीवा जाते समय मैहर के प्रवेश द्वार पर उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व नगर पालिका पार्षद शनि घई और युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष पंकज कुशवाहा ने किया। कॉफी हाउस के समीप जैसे ही घनघोरिया का काफिला पहुँचा,कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और युवा कांग्रेस जिंदाबाद के नारों से आसमान गुंजा दिया। इस कार्यक्रम में शनि घई एक प्रमुख रणनीतिकार और नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे,जिन्होंने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संगठित कर इस स्वागत को एक विशाल जन-उत्सव में बदल दिया। यश घनघोरिया ने कार्यकर्ताओं के जोश की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की यह एकजुटता ही संगठन की असली ताकत है। उन्होंने आने वाले समय में युवाओं को राजनीति के मुख्य मंच पर लाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में पंकज कुशवाहा सहित भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे,जिसने आगामी चुनावों के लिए कांग्रेस की मजबूत स्थिति का संकेत दिया है।

## मैहर अस्पताल में डॉक्टर और स्टाफ ने किया 40 यूनिट रक्तदान



**मैहर।** मैहर सिविल अस्पताल में ब्लड बैंक में रक्त की शार्टेज को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ.आरएन पाण्डेय,डॉ.पृथ्वीराज सिंह,डॉ.अंकिता पाण्डेय तथा अस्पताल के पैरामेडीकल स्टाफ ने स्वप्रेरणा से रक्तदान किया। मैहर अस्पताल में आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प में चिकित्सक और अस्पताल स्टाफ द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कुल 40 यूनिट रक्त बैग का कलेक्शन किया गया। इसी प्रकार जिला अस्पताल सतना के सिविल सर्जन डॉ. अमर सिंह के प्रयासों से औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र सतना के एनसीसी कैडेटो द्वारा 30 यूनिट रक्तदान हुआ।

## जनपद पंचायत मैहर में समीक्षा बैठकः समय-सीमा पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश




**मैहर।** गुरुवार को जनपद पंचायत मैहर के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक तिवारी और सहायक यंत्री पारितोष सिंह ने की। बैठक के दौरान पंचायत सचिवों,रोजगार सहायकों,एडीओ पीसीओ,बीपीओ और उपयंत्रियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ अशोक तिवारी ने शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी पेंडिंग कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि आम जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं पर भी चर्चा हुई और उनके त्वरित निराकरण के उपाय सुझाए गए। इस दौरान कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को चेतावनी भी दी गई।

## सतना के स्वाभिमान का जलवाः अंडर-18 मध्यप्रदेश क्रिकेट कैंप में चयन

**सतना।** विंध्य की धरा से एक और उभरता हुआ सितारा क्रिकेट के फलक पर चमकने को तैयार है। सतना के युवा खिलाड़ी स्वाभिमान का चयन मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-18 स्टेट कैंप के लिए हुआ है।



यह विशेष कैंप 7अप्रैल से 22 अप्रैल 2026तक जबलपुर में आयोजित किया जाएगा। स्वाभिमान,सतना की प्रसिद्ध 'पार्थ की क्रिकेट क्लास एकेडमी' में कोच पार्थ सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। कोच पार्थ सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि स्वाभिमान पिछले कई वर्षों से कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। राज्य स्तर पर उनके निरंतर शानदार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया, जिसके फलस्वरूप आज उनका चयन इस प्रतिष्ठित नेशनल लेवल कैंप के लिए हुआ है। इस नन्हे खिलाड़ी की बड़ी उपलब्धि पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन समिति और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।कोच पार्थ सिंह एवं वरिष्ठ खेल विशेषज्ञों ने स्वाभिमान को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और भारतीय टीम तक पहुंचने की मंगलकामना की है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर शिव मंदिर में भक्ति का महाकुंभ, उमड़ा जनसैलाब



मैहर। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित सिमरन स्कूल के पास स्थित शिव मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में आयोजित सुंदरकांड पाठ से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। महाआरती के समय जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। दोपहर 1 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में भारी उत्साह देखा गया। आयोजन समिति ने सेवा भाव और अनुशासन की बेहतरीन मिसाल पेश की,जिससे लंबी कतारों के बावजूद श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं हुई। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान रहा,बल्कि इसने सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का भी संदेश दिया। देर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा और सुंदरकांड की चौपाइयों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) के साथ 2 आरोपियों के विरुद्ध की कार्यवाही

## आरोपियों के कब्जे से कुल 4 किलो 525 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 90 हजार रुपये का जप्त

पन्ना।




पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा पवई थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से करीब 4.5 किलोग्राम मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 90 हजार रूपये का जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अवैध मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले, खेती करने वाले, भण्डारण करने वाले एवं परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनु. अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानो में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमो का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप दिनांक 01.04.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लेकर पवई बायपास तिराहा स्थित माही ढाबा के पास बिक्री हेतु बैठे हैं। थाना प्रभारी पवई द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा गया, जहाँ दो संदिग्ध व्यक्ति पिट्ठू बैग लिये बैठे मिले, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे । पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर उक्त दोनो संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई एवं संदेहियो के पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर क्रमशरू 2.193 किलोग्राम एवं 2.289 किलोग्राम कुल 4.525 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती लगभग 90,000/- रुपये का पाया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपियो के कब्जे से उक्त मादक पदार्थ (गाँजा) को जप्त किया गया है । मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना पवई में एन डी पी एस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** – 1. राजेन्द्र उर्फ सुरेन्द्र पिता महादेव अग्निहोत्री, निवासी ग्राम नहदौरा थाना राजनगर जिला छतरपुर 2. नीलेश पटेल पिता महेन्द्र पटेल, निवासी ग्राम नहदौरा थाना राजनगर जिला छतरपुर।

**जप्त सामग्री**– पुलिस टीम द्वारा आरोपियो के कब्जे से कुल 4 किलो 525 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती लगभग 90,000/- रुपये का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार, सउनि आनंद मोहन प्रधान आरक्षक अनिल गर्ग, आरक्षक भागीरथ अहिरवार, आरक्षक रमाकांत कुर्मी थाना पवई एवं पुलिस सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिस टीम के कार्य की प्रशंसा की गई।



# पवई में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

**पवई**। भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर पवई नगर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में गुरुवार को भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। नगर में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखते ही बन रहा था। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के तहत पूजन-अर्चन, सुंदरकांड पाठ, भंडारा एवं अन्य अनुष्ठान संपन्न हुए। पवई नगर में कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर में आरती के साथ हुई। इसके पश्चात गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा प्रारंभ की गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों अजय मेडिकल, सुभाष चौक, गांधी चौक, झंडा बाजार, खटीक मोहल्ला और मोहन्द्रा तिराहा होते हुए करही मोड़ पहुंची। यहां स्थित हनुमान मंदिर में भगवान की आरती की गई। इसके बाद शोभायात्रा मिलौनीगंज, बस स्टैंड मार्ग से होती हुई पुनः जगदीश स्वामी मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन कर प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों द्वारा जगह-जगह भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना एवं आरती कर पुष्प वर्षा की गई। पूरे मार्ग में जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में बजरंग दल के रंजीत सिंह परमार, शिवम पाण्डेय, अंशुल नगायच, सतेंद्र पाठक सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी मुस्तैद रहा और शोभायात्रा के साथ-साथ व्यवस्था संभालता नजर आया।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार का कहर घटारी के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, चार घायल कृ एक की हालत गंभीर

**डायल 112 की मदद से घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल, गंभीर घायल कटनी रेफर**

**अमानगंज**। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घटारी के पास तेज रफ्तार के चलते एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक मोटरसाइकिल में सवार हिम्मत आदिवासी (62 वर्ष) पिता मनतकिया आदिवासी, निवासी कुदरा झरकुआ एवं संतु राजपूत निवासी महेवा घायल हो गए। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल में सवार सुरेंद्र सिंह (36 वर्ष) पिता राम सिंह एवं उनके साथ बैठी मिथिला राजपूत निवासी मझगवा सरकार भी इस हादसे में घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची। डायल 112 के स्टाफ आरक्षक विश्वास शुक्ला एवं पायलट हरि पटेल ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि हादसा तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त मार्ग पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए तथा तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### डिघौरा में आस्था और कला का संगम, जवाबी कीर्तन के साथ दो दिवसीय भव्य श्री चंडी देवी मेले का समापन



**गुनौर/डिघौरा**। बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत और अगाध श्रद्धा का केंद्र श्श्री चंडी देवी मेलाश इस वर्ष भी अपनी पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। स्वर्गीय कुंवर महेंद्र प्रताप सिंह जू देव की पावन स्मृति में उनके अनुज हीरा सिंह डिघौरा द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय विराट मेले ने क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का नया संचार किया।

**सुरों की जंग, रात भर जमी जवाबी कीर्तन की महफिल**

मेले के समापन की रात पूरी तरह से संगीत और अध्यात्म के नाम रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के बीच हुआ श्जवाबी कीर्तनश था। कड़ाके की ठंड भी दर्शकों के उत्साह को कम नहीं कर पाई; हजारों की संख्या में लोग रात भर डटे रहे। कलाकारों ने जब अपने तीखे सवालों और भक्तिपूर्ण भजनों से एक-दूसरे को चुनौती दी, तो पूरा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा।

**श्रद्धा और मनोरंजन का अद्भुत मेल**

मेले में न केवल स्थानीय ग्रामीणों ने, बल्कि दूर-दराज के जिलों से आए श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दर्शन और पूजन सुबह से ही माँ चंडी देवी के दरबार में माथा टेकने वालों का तांता लगा रहा। ग्रामीण हाट और झूलेरू बच्चों और महिलाओं ने मेले में सजी दुकानों और विभिन्न प्रकार के झूलों का जमकर लुत्फ उठाया। सुरक्षा व्यवस्थारू भारी जनसैलाब को देखते हुए प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आयोजक हीरा सिंह डिघौरा ने बताया कि यह आयोजन केवल एक मेला नहीं, बल्कि स्वर्गीय कुंवर साहब की यादों को संजोने और क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने का एक माध्यम है।

# अजयगढ़ पुलिस की सख्त कार्रवाई पशु क्रूरता का खेल बेनकाब

## घाटी मोड़ पर पुलिस ने भैसों से ठसाठस भरी आइसर वाहन को दबोच लिया

**पन्ना**। पुलिस के द्वारा बीती रात 1-2 अप्रैल को भैसों से भरी आइसर वाहन को पकड़ा गया है अजयगढ़ पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 भैंसों को इतना क्रूरता से ठूंस-ठूस कर भरा गया था कि जानवरों की हालत देखकर किसी का भी दिल पसीज जाए। सांस लेने तक की जगह नहीं थी। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत तुरंत कार्यवाही शुरू कर दी गई। ये कोई पहली बार नहीं कृ अजयगढ़ पुलिस पहले भी ऐसी तस्करी की कई साजिशों को नाकाम कर चुकी है।

**इनकी रही भूमिका**– थाना प्रभारी हरिसिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक जयहिंद पाल, प्रधान आरक्षक अशोक अहिरवार, आरक्षक मनोज पटेल, आरक्षक अजय पटेल, इन जाबाजों ने न सिर्फ जानवरों को बचाया, बल्कि पशु तस्करों को भी साफ संदेश दे दिया, अब ऐसे जुल्म बर्दाश्त नहीं होंगे पशु प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।





अजयगढ़ पुलिस की ये मुहिम जारी रहेगी कृ पशु तस्करी और क्रूरता पर शिकंजा कसा जा रहा है।

# अजयगढ़ में अतिक्रमण पर सख्ती, एसडीएम, तहसीलदार और सीएमओ ने लिया मुख्य सड़कों व बस स्टैंड का जायजा



**पन्ना**। कलेक्टर पन्ना के निर्देष पर अजयगढ़ नगर में बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर हुए अतिक्रमण को हटाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। एसडीएम आलोक मार्को, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार और सीएमओ षषि कपूर ने गुरुवार को नगर की मुख्य सड़कों और बस स्टैंड का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान माधौगंज से तहसील चौराहा, जय स्तंभ से पुराना बस स्टैंड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सदर पटवारी दीपेंद्र तिवारी, नगर परिशद के बृजेन्द्र तिवारी, संजय जैन सहित राजस्व और नगर परिशद का पूरा अमला मौजूद रहा। तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार ने बताया कि बस स्टैंड और मुख्य सड़कों पर दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। आम नागरिकों को आने-जाने में भारी परेषानी का सामना करना पड़ रहा है।

**जल्द हटाया जाएगा अतिक्रमण**

**जल्द हटाए जाएंगे अतिक्रमण**

अधिकारियों ने स्पश्ट संकेत दिया है कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही षीघ्र षुरू की जाएगी। निरीक्षण का मुख्य उद्देष्य अतिक्रमण वाले स्थानों का सही आकलन करना और प्रभावी कार्यवाही के लिए रणनीति तैयार करना था। यह कदम अजयगढ़ नगर को सुव्यवस्थित, यातायात मुक्त और सुंदर बनाने की दिषा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सी.एम. राइज स्कूल गुनौर में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव, मुख्य अतिथि रहीं नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह




**गुनौर**। नगर के प्रतिष्ठित सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुनौर में नवीन शिक्षण सत्र के उपलक्ष्य में ''प्रवेशोत्सव'' कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत करना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना रहा।

**मुख्य अतिथि का संबोधन**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद गुनौर की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना मलखान सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हम अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। सी.एम. राइज स्कूल क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो गौरव की बात है।

### तिलक लगाकर हुआ छात्रों का स्वागत

प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा नए छात्रों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं को निरूशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान नजर आई। प्रोत्साहन- मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया और उन्हें निरंतर मेहनत करने की सीख दी गई।

सांस्कृतिक प्रस्तुति- स्कूल के बच्चों द्वारा लघु सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। उपस्थिति- इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, प्रभु दयाल मिश्रा शिक्षक गण, अभिभावक और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया गया और बच्चों को मिठाई वितरित की गई।



# पगरा में नए शिक्षा सत्र 2026-27 का हुआ भव्य शुभारंभ

**शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव, विद्यार्थियों को दी गई शिक्षा के प्रति प्रेरणा**

अमानगंज



शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पगरा में नए शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामकेश पाण्डेय उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य के.पी. पाल द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों के रूप में रतन सिंह (कक्का जू), पुष्पेंद्र पाण्डेय एवं सरपंच प्रतिनिधि रामलाल अहिरवार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन शिव प्रसाद लोधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओंकृरामकेश पाण्डेय, रतन सिंह, प्राचार्य के.पी. पाल एवं शिव प्रसाद लोधी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगणकृशिवचरण प्रजापति, राहुल चौरसिया, मोहिनी सक्सेना, आकांक्षा उर्मालिया, अनिल कुमार द्विवेदी, रत्नेश कुमार दहायत, ज्योति गुप्ता, पूनम तिवारी, रामप्यारे द्विवेदी, स्वाति तिवारी, निधि पाठक, रूबी सिंह बागरी, समीना बेगम, रानू त्रिपाठी, दीपा गर्ग, बलराम साहू, प्रीति पटेल, अजय सिंह यादव, जगदीश अहिरवार एवं राजीव कबीरपंथी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नए शिक्षा सत्र को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# पन्ना में निजी जमीन पर अवैध माइनिंग का आरोप जेके सीमेंट के खिलाफ कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

## मुआवजा न मिलने और बिना अनुमति खुदाई का मामला, पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार

**पन्ना। जिले के सिमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम कोनी के निवासी अर्पित पटेल ने अपनी निजी जमीन पर अवैध माइनिंग किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए पन्ना कलेक्टर के नाम तहसील कार्यालय सिमरिया में ज्ञापन सौंपा है। मामले में जेके सीमेंट लिमिटेड, देवरा पर बिना अनुमति खनन कार्य करने और मुआवजा न देने के आरोप लगाए गए हैं।**



### क्या है पूरा मामला-

पीड़ति अर्पित पटेल पुत्र लखन पटेल ने अपने आवेदन में बताया कि उनके परिवार की निजी जमीन पर पूर्व में जेके सीमेंट लिमिटेड द्वारा कथित रूप से धारा 247 की कार्यवाही के तहत लगभग 72 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर ली गई थी। आरोप है कि उक्त जमीन का आज दिनांक तक किसी भी प्रकार का मुआवजा उन्हें नहीं दिया गया है। इसके साथ ही 31 मार्च 2026 को खसरा क्रमांक 882/1/1 स्थित उनकी शेष निजी जमीन पर बिना किसी प्रशासनिक अनुमति और बिना सूचना दिए लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से खनन कर दिया गया। पीड़ति का कहना है कि समय रहते मौके पर पहुंचने के कारण बड़ी क्षति टल गई, अन्यथा पूरी जमीन को नुकसान पहुंचाया जा सकता था। अर्पित पटेल ने आरोप लगाया कि इस घटना से उनके परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से भारी नुकसान हुआ है। लगातार हो रही कार्रवाई से परिवार दहशत और परेशानियों के बीच जीवन यापन करने को मजबूर है। ज्ञापन के माध्यम से पीड़ति ने प्रशासन से अवैध माइनिंग की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, पुलिस में मामला दर्ज करने तथा हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। जे के सीमेंट की तानासाही का मामला सामने आने के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर आरोप पर क्या रुख अपनाता है और पीड़ति परिवार को न्याय मिल पाता है या नहीं। या फिर पूर्व की तरह की जे के सीमेंट के बचाव के लिए पीड़ति पर ही दबाव बनाता हैं। वही युवा नेता अंकित पाठक द्वारा प्रशासन क्रो चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि पीड़ति परिवार को नहीं नहीं मिलता है तो सभी सामाजिक संगठन एकजुट होकर सड़कों पर उतरेंगे और अंग्रेजों की तरह तानाशाही पूर्वक कार्य करने बाली जे के सीमेंट के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।



# भक्ति और उत्साह से गूंजा अमानगंज, हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा







**अमानगंज**। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर अमानगंज में आज विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभा यात्रा का बड़े हनुमान मंदिर अमानगंज से शुरुआत हुई, जहां नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली इस यात्रा में अयोध्या धाम में विराजे राम लला सरकार की आकर्षक झांकी, प्रभु श्रीराम की झांकी तथा श्री हनुमान जी की मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही।जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। डीजे, गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान जगह-जगह सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया तथा जलपान की व्यवस्था भी की गई।शोभायात्रा के मार्ग में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहे। नगरवासियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लेकर हनुमान जन्मोत्सव को उत्सव के रूप में मनाया।

### समीक्षा बैठक 4 अप्रैल को

**पन्ना**। संपूर्णता अभियान अंतर्गत पन्ना जिले के आकांक्षी विकासखंड अजयगढ़ में विभाग स्तर पर समस्त अपेक्षित कार्यवाही की पूर्णता के संबंध में शनिवार, 4 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस अभियान अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक के समस्त बिंदुओं के संदर्भ में आगामी 14 अप्रैल तक शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जाना है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा संबंधित अधिकारियों को समीक्षा बैठक में नियत एजेंडा अनुसार स्वयं विभागीय जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिनिधि मान्य नहीं किया जाएगा।

### संयुक्त निदेशक 3 अप्रैल को पन्ना प्रवास पर, जनगणना कार्य की करेंगे समीक्षा

**पन्ना**। जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख रामावतार पटेल शुक्रवार, 3 अप्रैल को पन्ना जिले के भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के पर्यवेक्षण सहित जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।

# सूचना के अधिकार की धज्जियाँ उड़ाना प्रशासनिक अधिकारी को पड़ा महंगा

## तत्कालीन एसडीएम बलवीर रमन पर राज्य सूचना आयुक्त ने लगाया 25 हजार का जुर्माना

**छतरपुर।** जिले मे सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की जिले के अधिकारी किस तरह धज्जियां उड़ा रहे है। जिसके उदाहरण आये दिन देखने को मिल रहे है। सूचना के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ाने पर ही छतरपुर के तत्कालीन एसडीएम बलवीर रमन पर राज्य सूचना आयुक्त ने 25 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। लेकिन इसके बावजूद भी कई अधिकारी सबक नहीं सीख रहे है। सूचना के अधिकार में जानकारी मांगे जाने और अपील करने के बाद भी आवेदक को गुमराह किया जाता है। लोक जन शक्ति के प्रदेशउपाध्यक्ष लखन लाल अनुरागी ने प्रकरण क्रमांक 27/अ-20 (1) 83-84 में पारित आदेश दिनांक 12-06-1984 पर निष्पारित पट्टा दिनांक 29.03.2025 के तहत मौजा बगौता खसरा क्रमांक 1688/2 में से 6844 बर्गफिट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु प्रीमियम 16084 एवं भू-भाटक 804.20 पर प्रयागराज अग्रवाल को आवंटित की गई थी। जिस पर न्यायालय कलेक्टर छतरपुर के प्रकरण क्रमांक 03/विविध/बी-121/2022-2013 आदेश दिनांक 29.02.2014 में व्यावसायिक अनुमति केबल 800 बर्गफिट की है बाकि के भूखण्ड पर आवासीय शर्ते पूर्वत लागू रहेगीं। आवेदक ने कलेक्टर कार्यालय के क्रमांक आपीडीएन 53/नजूल/2022 छतरपुर दिनांक 27.04.2022 में पत्र में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर की गई। कार्यवाही से संबंधित जारी किए गए समस्त आदेशों




की प्रतियां एवं नश्ती की आर्डर शीट चाही थी, लेकिन समय सीमा पर उन्हें कोई जानकारी तत्कालीन एसडीएम द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई और लगातार गुमराह किया जाता रहा। जब आवेदक लखन लाल अनुरागी को चाही गई जानकारी नही मिली तो उनके द्वारा प्रथम अपील की गई और प्रथम अपील में भी जानकारी नहीं मिली, तो आवेदक ने द्वितीय अपील राज्य सूचना आयुक्त डॉ.बन्दना गांधी के यहां की द्वितीय अपील की सुनवाई करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने 4 फरवरी 2026 को आदेश किया की प्रथम अपीलीय अधिकारी ने अपने प्रतिवेदन दिनांक 03.02.2026 में लेख किया है कि प्रकरण क्रमांक ए-1479/एसआईसी/छतरपुर दिनांक 2023 में दिनांक 04.02.2026 को सुनवाई नियत की गई है। जिसमें वर्तमान लोक सूचना अधिकारी एवं एसडीएम अखिल राठौर एवं तत्कालीन लोक सूचना अधिकारी एवं एसडीएम बलवीर रमन को उपस्थित होने के लिए आदेशित किया गया था। उक्त अधिकारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुर्नरीक्षण कार्य में व्यस्त होने से सुनवाई में पेशी बढाने का अनुरोध किया गया था। अपीलार्थी ने बताया कि जानकारी विषय से संबंधित ना होकर हट कर प्रदाय की गई है। इसके अतिरिक्त अपीलार्थी राष्ट्रीय मानव आयुक्त नई दिल्ली में भी सुनवाई मे उपस्थित होने के कारण राज्य सूचना आयुक्त भोपाल में उपस्थित होने में असमर्थ है। अपीलार्थी द्वारा तत्कालीन लोक सूचना अधिकारी पर 24 हजार रूपए का अर्थदण्ड एवं अनुशानात्मक कार्यवाही किए जाने का अनुरोध भी किया गया था। अगामी सुनवाई 09.03.2026 को राज्य सूचना आयुक्त डॉ.बन्दना गांधी ने मामले की सुनवाई करते हुए लोक सूचना अधिकारी द्वारा समय सीमा में अपीलार्थी को जानकारी उपलब्ध नहीं करवाने एवं आयोग के आदेश की निरंतर अवहेलना करने के फलस्वरूप सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20(1)के तहत 25 हजार रूपए शास्ति अथिरोपित की जाती है। बलवीर रमन तत्कालीन लोक सूचना अधिकारी एवं एसडीएम उक्त राशि एक माह के भीतर नियमानुसार आयोग कार्यालय में जमा कर रशीद सहित जानकारी प्रस्तुत करें। अधिरोपित राशि समय सीमा में जमा नहीं किए जाने के फलस्वरूप मध्यप्रदेश सूचना का अधिकार (फीस तथा अपील) नियम 2005 की धारा 8 (6)के तहत कार्यवाही की जाएगी।



## काम में हाथ बटाने के लिए कहना पिता को पड़ा भारी, शराबी बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

**छतरपुर।** जिले के थाना ईशानगर के अंतर्गत ग्राम पनौठा के रगुनिया पुरवा में एक कलयुगी बेटे ने पिता को पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया। पिता का केवल इतना दोष था कि उसने बुढापे में काम में हाथ बटाने के लिए कह दिया। लेकिन शराबी बेटे को पिता की यह नसीहत नागवार गुजरी और शराब के नशे में उसने पिता की हत्या कर दी। घटना गुरूवार सुबह 7 बजे के लगभग की है। जानकारी के अनुसार 70 बर्षीय पचूं कुशवाह सुबह खेत में लहसुन उखाड़ रहा था तभी उसका बेटा रामकृपाल कुशवाह उर्फ गुल्लु वहां पहुंचा तब पिता ने रात भर गायब रहने का कारण पूंछा और काम में हाथ बटाने के लिए कहा इतना सुनते ही कलयुगी बेटा रामकृ पाल आपे से बाहर हो गया और पास में पड़ा डंडा उठाकर पिता के सिर में लगातार प्रहार किया। गंभीर चोट लगने के कारण बृद्ध पंचू कुशवाहा की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया जैसे ही इस बात की जानकारी थाना ईशानगर पुलिस को लगी तो पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल की जांच पड़ताल कर आरोपी पुत्र के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के बाद से ही गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

खबर संक्षेप



### हनुमान जयंती पर महावीर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**छतरपुर।** शहर के जिला न्यायालय परिसर के पास स्थित मोटे के महावीर मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद लेते रहे। मंदिर परिसर में विधिवत हवन-पूजन के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। इसके साथ ही दिनभर भव्य भंडारे का आयोजन भी चलता रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मोटे के महावीर युवा सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन को भव्य रूप दिया गया। समिति के नितेन्द्र खरे ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा और धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति और एकता का संदेश देना है।

### वाहन सहित कुंए में गिरी 4 साल की मासूम, पुलिस ने शुरू किया रेस्क्यू



**छतरपुर।** जिले के बमीठा थाना अंतर्गत चंद्रनगर चौकी के धमना गांव से एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है, जहाँ एक मासूम बच्ची की नादानी और बड़ी लापरवाही ने पूरे गांव में कोहराम मचा दिया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में चाबी लगी हुई थी और खेलते-खेलते मासूम बच्ची ने उसे स्टार्ट कर दिया, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सीधे कुएं में जा गिरा। यह बच्ची धमना गांव की रहने वाली है और उसकी उम्र चार साल के करीब है। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर तैनात हो गया है और रेस्क्यू टीम बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास में जुटी हुई है। मौके पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बचाव कार्य जारी है और पूरे गांव में इस घटना के बाद से हड़कंप मचा हुआ है।

### वैश्य महासम्मेलन ने शुरू किया नि:शुल्क प्याऊ




**छतरपुर।** भीषण गर्मी के बीच सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए वैश्य महासम्मेलन की नगर इकाई ने बस स्टैंड पर निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया। यह पहल हनुमान जयंती के पावन अवसर पर की गई, जिसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया एवं संगठन के प्रदेश महामंत्री गोविंद दास असाटी ने संयुक्त रूप से किया। नगर इकाई के अध्यक्ष प्रकाश जैन के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य को लेकर कार्यकारी जिला अध्यक्ष गिरजा पाटकर ने बताया कि यह प्याऊ पिछले 5 वर्षों से लगातार बस स्टेंड पर लगाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल जल उपलब्ध कराकर उनकी प्यास बुझाना है। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल सेवा नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व का निर्वहन है, जिसमें संगठन के सभी सदस्य बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर खजुराहो संभाग प्रभारी अजय गुप्ता, जिला प्रभारी आनंद अग्रवाल, दमयंती दीदी, सुमित प्रकाश जैन, बृजेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पूरन गुप्ता, प्रमोद खरे, रमेश खरे, शंकर सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## रहस्यमयी विस्फोट में 14 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से घायल, जांच में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बैरगिया पुखरी के मुजरा बोढ़े पुरवा गांव में मंगलवार को एक संदिग्ध विस्फोट की घटना सामने आई है। यहां रहने वाली 14 वर्षीय यशोदा पिता रामकरण राजपूत अपने घर के बरामदे में संजा आरती करने के बाद जैसे ही बाहर निकली, तभी अचानक तेज धमाका हो गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

धमाके की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ किशोरी को आनन-फानन में चंदला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। परिजनों का कहना है कि उन्हें सिर्फ तेज धमाके की आवाज सुनाई दी, लेकिन विस्फोट किस वजह से हुआ, इसका अब तक पता नहीं चल सका है।

घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है और विस्फोट के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।



## पीरा गांव में अंबेडकर मूर्ति विवाद को लेकर 2 पक्षों में तनाव, पुलिस बल तैनात

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के लवकुश नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अक्टोहा चौकी के पीरा गांव में डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर दो पक्षों में गहमागहमी का माहौल बन गया है। भीम आर्मी के कार्यकर्ता मंदिर के बगल वाली जमीन पर मूर्ति स्थापित करना चाहते थे, जबकि गांव के अन्य समुदाय के लोग इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं।

स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि मौके पर भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। एसडीएम कौशल सिंह, एसडीओपी नवीन दुबे, तहसीलदार सहित कई थानों के थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार लगभग 20 दिन पहले दोनों पक्षों की आपसी सहमति से यह फैसला लिया गया था कि मूर्ति को दूसरे स्थान पर स्थापित किया जाएगा। लेकिन बुधवार तड़के करीब 3 बजे कुछ लोगों ने मूर्ति को फिर से उसी विवादित स्थान पर रख दिया, जिससे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई।

मौके पर पहुंची प्रशासनिक और पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को शांत रहने की अपील की और स्थिति को नियंत्रण में रखने के प्रयास किए। फिलहाल गांव में तनाव बना हुआ है और पुलिस बल की तैनाती जारी है। प्रशासन दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकालने का प्रयास कर रहा है।

## 51 फीट ऊंची अष्टधातु प्रतिमा के साथ पंचमुखी हनुमान जी की हुई प्राण प्रतिष्ठा

कामदगिरि पीठाधीश्वर और पं. धीरेंद्र शास्त्री की मौजूदगी में अनेक संत विद्वान हुए शामिल



**छतरपुर।** हनुमान जयंती पर शहर के जानराय टौरिया में ऐसा अलौकिक दृश्य साकार हुआ, जिसने पूरे शहर को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। 51 फीट ऊंची भव्य अष्टधातु हनुमान प्रतिमा का अनावरण और प्रतिमा के नीचे स्थापित पंचमुखी हनुमान जी की पाषाण प्रतिमा की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस दिव्य क्षण के साक्षी कामदगिरि पीठाधीश्वर रामस्वरूप आचार्य, कथावाचक पं. धीरेंद्र शास्त्री सहित देशभर से पधारे संत, महात्मा और शास्त्रों के ज्ञाता विद्वान बने । संतों की अमृतमयी वाणी से पूरा परिसर गूंज उठा, जहां धर्म, आस्था और संस्कारों की त्रिवेणी देखने को मिली।

संतों ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह केवल प्रतिमा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का सजीव प्रतीक है। 51 फीट ऊंची यह अष्टधातु प्रतिमा अब छतरपुर की पहचान बनेगी, जो देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर श्रद्धा का केंद्र बनेगी। पंचमुखी हनुमान स्वरूप की स्थापना को शक्ति, सुरक्षा और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत संगम बताया गया। विद्वानों ने वेद, पुराण और रामकथा के प्रसंगों के माध्यम से लोगों को धर्म, संयम, सेवा और त्याग का संदेश दिया। इस दौरान श्रद्धालु मंत्रोच्चार और भक्ति में डूबे नजर आए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान को भोग अर्पित कर भंडारे का शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर में संतों ने ऊपर प्रसाद ग्रहण किया, वहीं नीचे हजारों श्रद्धालुओं ने अनुशासित कतारों में प्रसाद पाया। छतरपुर के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात और राजस्थान से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस आयोजन की भव्यता का प्रमाण बनी।

## घरेलू कचरा प्रबंधन व होम कम्पोस्टिंग पर कार्यशाला, संपत्तिकर में 2 प्रतिशत छूट का प्रस्ताव



**छतरपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत नगर पालिका परिषद नौगांव द्वारा सभाकक्ष में घरेलू कचरा प्रबंधन, कचरा पृथक्करण और होम कम्पोस्टिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.एस. अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों एवं विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देकर शहर को कचरा मुक्त बनाने का आह्वान किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए ब्रांड एम्बेसडर एवं पूर्व सीएमओ डीडी तिवारी ने बताया कि गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण एवं गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू कचरे का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा रसोई अपशिष्ट होता है, जिसे कम्पोस्ट में बदलकर उपयोगी बनाया जा सकता है, जबकि शेष 40 प्रतिशत कचरा नगरपालिका के वाहन में देना चाहिए।

होम कम्पोस्टिंग की प्रक्रिया समझाते हुए उन्होंने बताया कि मटके या बाल्टी में सबसे पहले सूखे पत्ते, गन्ने के छिलके या नारियल जटा डालकर उसके ऊपर रसोई अपशिष्ट रखा जाए और प्रतिदिन नगरपालिका द्वारा प्रदत्त पाउडर छिड़ककर ढक दिया जाए। लगभग एक माह में तैयार खाद का उपयोग किचन गार्डन व गमलों में किया जा सकता है।

सीएमओ आर.एस. अवस्थी ने जानकारी दी कि जो नागरिक नियमित रूप से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग नगरपालिका वाहन में देंगे तथा होम कम्पोस्टिंग अपनाएंगे, उन्हें संपत्तिकर में 2 प्रतिशत छूट देने का प्रस्ताव परिषद में रखा जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों एवं महिलाओं को सम्मानित करने की भी योजना है।

कार्यक्रम में समाजसेवी संतोष गंगेले, प्रबल भट्ट, अजय सिंह चंदेल, प्रणव गुरुदेव, कुलदीप पाठक, शोभा सोनी, किरण रैकवार सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कपिल कुशवाहा एवं उनकी टीम द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। अंत में सभी उपस्थित नागरिकों ने सूखा-गीला कचरा पृथक-पृथक देने, होम कम्पोस्टिंग अपनाने और सप्ताह में एक दिन एक घंटे सामूहिक श्रमदान करने की शपथ ली।

## जन चौपाल, श्रमदान और जल मंदिर निर्माण से जल संरक्षण का संदेश

कलेक्टर श्री जैसवाल के निर्देशन में अभियान में जन जागरूकता, स्वच्छता कार्य, श्रमदान एवं प्याऊ स्थापित किए गए

**छतरपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन-जागरूकता और श्रमदान आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है।**



**राजनगर में जन चौपाल के माध्यम से जागरूकता**

विकासखंड राजनगर के प्रस्फुटन ग्राम बीरौना में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीणों को समझाया गया कि छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से जल को संरक्षित किया जा सकता है। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा के लिए डिस्पोजल एवं पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील भी की गई।

**श्रमदान कर तालाब की सफाई**

विकासखंड लवकुश नगर के सेक्टर मुंडेरी में नवांकुर संस्था योगिता शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुंडेरी के संयुक्त तत्वावधान में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हनुमान तालाब की साफ-सफाई कर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक अनिल निगम, सूरज त्रिवेदी, सचिव विकास सिंह, अजय सिंह सहित समिति सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**बिजावर में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ**

विकासखंड बिजावर के ग्राम पंचायत लहर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लहर द्वारा जल संवर्धन योजना के अंतर्गत जल मंदिर (प्याऊ) का संचालन प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच लवकुश पाठक द्वारा उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नरवाई न जलाने के लिए किसानों को किया जागरूक

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में किसानों को नरवाई न जलाने एवं आधुनिक कृषि यंत्रों हैप्पीसीडर एवं सुपरसीडर के उपयोग के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा तहसील नौगांव के ग्राम बड़वाह कला में कृषकों को नरवाई (फसल अवशेष) न जलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर किसानों को पर्यावरण संरक्षण एवं भूमि की उर्वरता बनाए रखने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों की उपयोगिता एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन यंत्रों के माध्यम से बिना नरवाई जलाए सीधे बुवाई की जा सकती है, जिससे समय, लागत और श्रम की बचत के साथ-साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिलेभर में किसानों को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नरवाई जलाने की प्रथा पर रोक लगाई जा सके।

## एनसीएल मध्य प्रदेश स्थित खदानों के ओवर बर्डन डम्प व आस पास के 210.20 हेक्टेयर में लगाएगी लगभग 5.40 लाख पौधे

वृहद वृक्षारोपण हेतु एनसीएल ने एमपीआरवीवीएन के साथ किया एमओयू

भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने सतत खनन की नीतियों के तहत वर्ष 2026-27 में 208.20 हेक्टेयर भूमि (मध्य प्रदेश स्थित खदानों) पर लगभग 4.70 लाख तथा 2 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 70000 पौधारोपण मियावाकी तकनीक से पौधारोपण का लक्ष्य रखा है । पौधारोपण के लिए खदान के अधिभार डंप व समतल भूमि निर्धारित की गयी है जहां बड़े स्तर पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएँगे । इस कार्य के लिए एनसीएल ने मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम (एमपीआरवीवीएन) के साथ बुधवार को एक एमओयू किया है । कार्यक्रम के दौरान एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (पर्यावरण एवं वन ) राकेश कुमार, उप प्रबंधक (पर्यावरण), डी. के. सैनी तथा मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम की ओर से सम्भागीय प्रबंधक रीवा- सीधी परियोजना मण्डल, राकेश कोडापे, परियोजना रेंज अधिकारी अमलोरी, झिंगुरदा, एस के पटेल, परियोजना रेंज अधिकारी, जयंत एल पी शुक्ला उपस्थित रहे ।



## एनटीपीसी विंध्याचल के डॉ. आंबेडकर स्टेडियम में काव्य पाठ का आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के डॉक्टर आंबेडकर स्टेडियम में 28 मार्च 2026 को एक भव्य एवं यादगार काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध युग कवि डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ कवि तेज नारायण बैचेन एवं सुश्री साक्षी तिवारी ने भी अपने काव्य पाठ से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

इस गरिमामय अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा, सांसद (सिंगरौली/सीधी) डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, विधायक सिंगरौली श्री रामनिवास शाह, एनटीपीसी की अन्य परियोजनाओं के प्रमुख श्री संदीप नायक सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 8:00 बजे हुआ और यह रात्रि 10:30 बजे तक चला। इस दौरान एनटीपीसी एवं अन्य आसपास के विशिष्ट व्यक्तियों सहित लगभग 5,000 श्रोता एवं दर्शक उपस्थित रहे।



काव्य पाठ कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों ने कवियों के काव्य पाठ का आनंद लिया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। इस कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को हिंदी साहित्य और काव्य की महत्ता से अवगत कराया और उनके बीच एक सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा दिया। एनटीपीसी विंध्याचल इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से अपने कर्मचारियों और आसपास के समुदाय के बीच हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है।

# हनुमान जन्मोत्सवः संकट कटे मिटे सब पीराः चिरहुला मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़, बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा शहर, जगह-जगह लगा भंडारा

रीवा।

हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर गुरुवार को जिले भर में हनुमान जी की भक्ति में श्रद्धालु डूबे रहे। चिरहुला मंदिर में अपार भीड़ उमड़ी। यहां तड़के 3 बजे से ही भक्तों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया, जो देर रात तक बनां रहा। इस अवसर पर मानस एवं भंडारे आदि के आयोजन चलते रहें। चिरहुला मंदिर में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। लोगों ने पूजा-अर्चना कर बजरंगबली से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। चिरहुला मंदिर सुबह से श्रद्धालुओं को भीड़ लगी रही दोपहर तक मंदिर में की भारी भीड़ जुट गई थी। शाम तक हनुमानजी के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। लोगों ने चिरहुलानाथ को प्रसाद चढ़ाकर दर्शन किए। यहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वही पुजारी प्रशांत तिवारी बोनी महाराज जी की माने तो चिरहुला में 50 हजार से अधिक भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। हालांकि प्रशासन ने मंदिर परिसर में पुख्ता व्यवस्था की थी जिसमे भक्ती को पूजा-अर्चना एवं दर्शन प्राप्त करने में परेशानी नहीं हुई। साथ ही प्रसिद्ध राम सागर, खेम सागर सहित अन्य हनुमान मंदिरों





में दिनभर भक्त पहुंचाते रहे।बता दे लगभग 500 वर्ष पूर्व चिरहुला नाथ मंदिर में हनुमान जी की स्थापना की गई थी। इस मंदिर को जिला न्यायालय के तौर पर जाना जाता था। लोगों की मान्यता है कि सिद्ध हनुमान जी के सामने जो भी भक्त अपनी अर्जी लगाते हैं उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सनातन धर्म में हनुमान जयन्ती का विशेष महत्व है इसे पर्व की तरह मनाया जाता है। कुछ लोग व्रत भी धारण कर बड़ी उत्सुकता और ऊर्जा के साथ समर्पित होकर इनकी पूजा करते है। हनुमानजी स्वामी बाल ब्रह्मचारी है, इसलिये इन्हे जनेऊ भी पहनाई जाती है। हनुमानजी की मूर्तियों पर सिन्दूर और चाँदी का वर्क चढ़ाने की परम्परा है, चिरहुलानाथ मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पीके स्कूल के पास स्थित हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ हुआ और इसके बाद कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। रामसागर, खेमसागर में भी लगा रहा श्रद्धालुओं का तांताहाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के नाम से चर्चित रामसागर एवं खेमसागर मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही बनी रही। माना जाता है कि चिरहुलानाथ स्वामी के दरबार में जब मामला नहीं सुलझ पाता था तो उसे हाईकोर्ट यानी रामसागर मंदिर भेजा जाता था, यहाँ भी न्याय न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट यानि खेमसागर दरबार में भेजा जाता है। तीनों मंदिर हनुमानजी स्वामी के रूप में प्रसिद्ध हैं। एक तरफ भक्त अपनी मन्नतो को मांगने उनके सम्मुख साधना करते रहे वहीं भण्डारे और प्रसादों का क्रम भी चलता रहा।शहर में निकाली गई विशाल वाहन रैलीहनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर शहर में विशाल वाहन रैली निकाली गई, रैली की शुरुआत चिरहुला मंदिर के पास स्थित एसएफ मैदान से हुई रैली परेड ग्राउण्ड से होते हुए पुलिस लाइन चौराहा,पी.टी.एस. चौराहा,धोबिया टंकी,हॉस्पिटल चौक,सिरमौर चौराहा,कॉलेज चौराहा,शिल्पी प्लाजा,प्रकाश चौराहा,वेंकट रोड से होते हुए जय स्तंभ पचमठा धाम रैली का समापन हुआ। जिसमें हजारों युवा श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पचमता धाम में युवाओं की टोली ने महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया, जिसकी गूंज आसपास क्षेत्र में बनी रही।

## खबर संक्षेप

### टाइगर सफारी के समय में परिवर्तन

रीवा। महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर के खुलने और बंद होने के समय में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में व्हाइट टाइगर सफारी के संचालक ने बताया कि एक अप्रैल से 31 अक्टूबर की अवधि में व्हाइट टाइगर सफारी पर्यटकों के लिए सुबह 9 बजे खुलेगा तथा शाम 5 बजे बंद होगा। इस अवधि में प्रत्येक बुधवार को टाइगर सफारी बंद रहेगा। व्हाइट टाइगर सफारी में सफेद बाघ, बंगाल टाइगर सहित विभिन्न वन्य जीव उपलब्ध हैं। पर्यटक वर्ड एवियरी में दुनिया के कई दुर्लभ प्रजाति के पक्षी देख सकते हैं। टाइगर सफारी में सुंदर तितलियों का संसार और रैप्टाइल पार्क में कई सांपों को भी देखने की सुविधा है।

### घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें - डॉ. त्रिपाठी

रीवा। जिले में पिछले सात दिनों में मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। छुटपुट वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आई है। लेकिन दिन का तापमान लगातार अधिक बना हुआ है। सुबह 11 बजे के बाद गरम हवाओं का प्रकोप होने लगता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

### एंबुलेंस चालकों की गुंडागर्दी, मरीजों के बीच मारपीट का वीडियो मीडिया में वायरल

रीवा। शहर के प्रमुख शासकीय चिकित्सा संस्थान संजय गांधी अस्पताल परिसर में एक बार फिर अव्यवस्था और दबंगई का मामला सामने आया है। यहां निजी एंबुलेंस चालकों के बीच हुए विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें चालक एक-दूसरे को जमीन पर पटककर मारपीट करते नजर आ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद की शुरुआत मरीजों एवं मृतकों के शवों को ले जाने को लेकर हुई थी। अस्पताल परिसर में पहले से मौजूद दो एंबुलेंस चालकों के बीच कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में हाथापाई में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर धक्का-मुक्की और मारपीट हुई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि चालक एक-दूसरे पर हमला करते हुए जमीन पर गिराकर मारपीट कर रहे हैं। इस दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजन और अन्य लोग सहम गए। हालांकि मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस चालकों के बीच इस तरह के विवाद आम हो चुके हैं। मरीजों को ले जाने की होड़ में चालक अक्सर आपस में भिड़ जाते हैं। कई बार अस्पताल प्रबंधन और पुलिस द्वारा समझाइश भी दी जा चुकी है, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है।गौरतलब है कि संजय गांधी अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस सेवाओं के संचालन को लेकर लंबे समय से अव्यवस्था बनी हुई है। यहां मरीजों और शवों को ले जाने के लिए प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक है कि चालक नियमों की अनदेखी करते हुए विवाद और मारपीट पर उतर आते हैं।फिलहाल इस ताजा घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एक बार फिर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# ओरिजनल के नाम पर बेचे जा रहे थे डुप्लीकेट पुर्जे, कई दुकानों पर छापा

**भारी मात्रा में नकली सामान जब्त, तीन संचालक गिरफ्तार महिंद्रा कंपनी की टीम के साथ पुलिस की कार्रवाई**

रीवा। शहर में नकली ऑटो स्पेयर पार्ट्स के अवैध कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। नामी ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा के नाम पर ग्राहकों को डुप्लीकेट और नकली पुर्जे बेचने वाले गिरोह के खिलाफ बुधवार देर शाम पुलिस और कंपनी की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई दुकानों पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान भारी मात्रा में नकली स्पेयर पार्ट्स बरामद किए गए, वहीं मौके से तीन दुकान संचालकों को गिरफ्तार भी किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराने बस स्टैंड इलाके में संचालित ऑटो पार्ट्स की चार से पांच दुकानों पर की गई। तलाशी के दौरान दुकानों में महिंद्रा कंपनी के नाम से पैक किए गए नकली और डुप्लीकेट सामान बड़ी मात्रा में पाए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि महिंद्रा कंपनी की दिल्ली से आई विशेष टीम ने रीवा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की थी। टीम ने शहर में लंबे समय से नकली स्पेयर पार्ट्स के कारोबार की शिकायत करते हुए कार्रवाई के लिए सहयोग मांगा था। इसके बाद पुलिस और कंपनी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से योजना



बनाकर यह छापेमार कार्रवाई की।छापे के दौरान यह सामने आया कि संबंधित दुकानदार ग्राहकों को ओरिजनल के नाम पर नकली पुर्जे बेचकर न केवल कंपनी की साख को नुकसान पहुंचा रहे थे, बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ कर रहे थे। ऐसे नकली स्पेयर पार्ट्स वाहनों में लगने के बाद दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकते हैं। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जब्त किए गए सामान की जांच की जा रही है, साथ ही इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

# किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर 56.75 लाख की ठगी, हरदा से आरोपी गिरफ्तार फर्जी बिल बनाकर 50 से अधिक खातों में मंगवाई रकम

रीवा। जिले में किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर एक सनसनीखेज ठगी का मामला सामने आया है, जहां पत्नी के इलाज के लिए परेशान एक व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाकर आरोपी ने 56 लाख 75 हजार रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के हरदा जिले से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी दिलीप कुमार सोनी की पत्नी लक्ष्मी को किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता थी। इसी दौरान इंदौर में पढ़ाई कर रहे उनके भाई-बहनों की पहचान प्रियांशु पवार उर्फ आयुष (24) से हुई, जो खुद को भोपाल के एक नामी निजी अस्पताल में जान-पहचान वाला बताता था। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि वह आसानी से ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया पूरी करवा देगा। झांसे में आकर पीड़ित परिवार ने सितंबर 2025 से लेकर अब तक आरोपी को अलग-अलग माध्यमों से कुल 56.75 लाख रुपये दे दिए। आरोपी ने भरोसा बनाए रखने के लिए अस्पताल के नाम से फर्जी बिल और दस्तावेज भी भेजे।मामले का खुलासा तब हुआ जब 1 मार्च को भोपाल के डॉक्टर विद्यानंद त्रिपाठी रीवा पहुंचे और पीड़िता का चेकअप किया। बातचीत के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में लक्ष्मी के नाम पर कोई राशि जमा नहीं है। साथ ही



आरोपी द्वारा दिए गए बिल भी पूरी तरह फर्जी निकले।इसके बाद पीड़ित ने तुरंत सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई और उसे हरदा के लाला लाजपत राय वार्ड से गिरफ्तार कर लिया गया।50 से ज्यादा खातों का किया इस्तेमालजांच में सामने आया है कि आरोपी ने ठगी की रकम मंगवाने के लिए 50 से अधिक बैंक खातों का उपयोग किया। ये खाते उसके परिचितों और पड़ोसियों के थे, जिन्हें वह झांसा देकर अपने काम में इस्तेमाल करता था। रकम जमा होने के बाद वह खाताधारकों को बहला-फुसलाकर पैसे निकलवा लेता था। पुलिस अब इन सभी खातों की विस्तृत जानकारी जुटा रही है।पहले भी कर चुका है बड़ा आर्थिक नुकसानपुलिस ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। करीब चार वर्ष पहले वह ऑनलाइन गेमिंग और शेयर मार्केट में अपने दादा के लगभग डेढ़ करोड़ रुपये गंवा चुका है। इस मामले में इंदौर में उसके खिलाफ केस भी दर्ज है।ठगी की रकम से की अय्याशीप्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने ठगी से प्राप्त रकम का उपयोग मुंबई और इंदौर में मौज-मस्ती और ऐशो-आराम में किया। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने इसी तरह अन्य लोगों को भी अपना शिकार बनाया हो सकता है।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

रीवा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत साधना सप्ताह में आई गॉट के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वाबलंबी ग्राम पंचायतों के डीपीआर तैयार करें ताकि खेत का पानी खेत में व गांव का पानी गांव में ही रहे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गत वर्षों के कार्यों को अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अमृतसरोबर, एक बगिया माँ के नाम तथा अटल पंचायत भवनों के कार्यों को निश्चित समयावधि में पूर्ण कराते हुए सीसी जारी कर पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। विभागीय योजनाओं से संबंधित



शिकायतों के जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने एवं चयनित वृंदावन गांव का विजन डाक्यूमेंट तैयार कराने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन हितग्राहियों को किस्त की राशि जारी नहीं हुई है उन्हें राशि जारी करें तथा जिन हितग्राहियों के एफटीओ लंबित हैं उन्हें परीक्षण कराकर पूरा करायें तथा विगत वर्षों से लंबित आवास को चिन्हांकित कराकर पूर्ण करायें। बैठक में ग्राम पंचायतों में लंबित बिजली बिल के भुगतान की कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के सीईओ को दिये गये। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, लेखा अधिकारी, एपीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेहनत से लक्ष्य का निर्धारण कर अपनी पहचान बनायें - दीपमाला तिवारी

रीवा I नए शैक्षणिक सत्र के द्वितीय दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महसाव मे प्रवेश उत्सव मे खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी खनिज निरीक्षा आरती सिंह एवं विद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वाधान आयोजित प्रवेश उत्सव में मां सरस्वती की आराधना, दीप प्रज्ज्वलन बच्चों का विशेष स्वागत किया गया आयोजित भविष्य भेंट कार्यक्रम के तहत खनिज अधिकारी श्रीमती दीपमाला तिवारी ने विद्यार्थियों से किया संवाद किया कलेक्टर रीवा के निर्देशानुसार स्कूल_चलें_हम अभियान के दूसरे दिन 2 अप्रैल को शालाओं में भविष्य_से_भेंट कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महसाव रीवा में श्रीमती दीपमाला तिवारी , उपसंचालक खनिज विभाग रीवा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि हिम्मत और मेहनत से लक्ष्य का निर्धारण कर अपनी पहचान बनायें, एवं भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करे I इस अवसर पर खनिज निरीक्षक आरती सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत अनुशासन और लगन से ही जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल किया जा सकता है प्राचार्य राजकुमार सिंह ने आभार प्रदर्शन करते हुए भविष्य से भेंट कार्यक्रम को रेखांकित किया। विद्यालय के कार्यक्रम में वीणा पटेल, अर्चना मिश्रा, प्रमिला तिवारी, सपना त्रिपाठी, कृष्णा नामदेव,प्रभा द्विवेदी,राममिलन, पटेल, अर्चना पांडे, जन शिक्षक रामकृष्ण द्विवेदी, विशाल शुक्ला, राजेश तिवारी, अर्चना पांडे,सविता त्रिपाठी,एम गीता , अलीमुद्दीन सिद्दीकी, रमेश साकेत, जानवी द्विवेदी, राम्बिका सोनी , जोशना सिंह, सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहभागिता की एवं विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।




# जिले में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

मऊगंज। जिले भर मे हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई इसी कड़ी मे खटखरी ग्राम में हनुमान जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। पूरे गांव में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां भक्तों ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।ग्राम के प्रमुख हनुमान मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भजन-कीर्तन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने जय श्री राम और हनुमान जी के जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों और समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# यातायात पुलिस ने नो एंट्री तोड़ने वाले वाहनों पर 15 हजार का किया चालान

मऊगंज। यातायात पुलिस द्वारा नो एंट्री नियमों का उल्लंघन कर धड़ल्ले से शहर में प्रवेश कर रहे भारी वाहनों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई करता नजर आ रहा है। यातायात प्रभारी द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में नो एंट्री का उल्लंघन करते हुए शहर में प्रवेश कर रहे तीन हाइवा वाहनों को पकड़ा गया। यातायात प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों पर पांच-पांच हजार रुपए का चालान काटा। इस तरह कुल 15 हजार रुपए का राजस्व वसूल किया गया।गौरतलब है कि बीते तीन दिन पहले हनुमना में नो एंट्री के दौरान घुसे एक हाइवा वाहन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से प्रशासन और यातायात विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है और शहर में नो एंट्री नियमों का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है।यातायात प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि नियमों का पालन करें, अन्यथा कड़ी दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।



# नशीली कफ सीरफ के सप्लायर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

रीवा I पुलिस महानिरीक्षक रीवा व्दारा चलाये जा रहे आपरेशन प्रहार 2 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेन्द्र सिह चौहान ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) आरती सिह के निर्देशन मे उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) रीवा उदित मिश्रा के मार्गदर्शन मे थाना गोविन्दगढ़ पुलिस व्दारा अवैध नशीली कफ सीरफ के सप्लायर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल I दिनाक 30 मार्च को थाना गोविन्दगढ पुलिस व्दारा अजय तिवारी उर्फ शिब्बू के कब्जे से 100 नग प्रतिबन्धित नशीली कफ सीरफ जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था आरोपी व्दारा पूछताँछ के दौरान यह बताया गया था कि राजू प्रजापति निवासी बुढवा व्दारा उसको बेचने के लिये नशीली कफ सीरफ पहुचाई जाती है I प्रकरण मे राजू प्रजापति को आरोपी बनाया जाकर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमाण्ड ली गई पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी व्दारा अपने गृह ग्राम बुढवा से प्रतिबन्धित नशीली कफ सीरफ को पहुचाने मे प्रयोग की गई महिन्द्रा XUV वाहन एवं 23 नग अवैध नशीली कफ सीरफ बरामद कराई गई जिसे विधिवत जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पुनः पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया I



गिरफ्तार आरोपी राजू प्रजापति पिता गजाधर प्रजापति उम्र 27 वर्ष निवासी ग्रा बुढवा थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा

बरामद मसरुका 23 नग अवैध नशीली कफ सीरफ कीमती करीबन 4600 रु/- 02- महिन्द्रा **XUV** 500 क्र. **CG**05**AF**0610 कीमती करीब 1000000 रु/- **कुल करीब 10,04600 रु/-**

उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उप.निरी.अरविन्द सिंह राठौड़ , उपनिरी. निशा खूता , सउनि.रामजियावन वर्मा , सउनि. इन्द्रभान सिह , प्रआर.80 झलकनारायण पाण्डेय ,प्रआऱ. वृजेन्द्र सिह ,प्रआऱ. शंकर सिह ,प्रआर.शिवकुमार दुबे , आर. सुन्दरम मिश्रा ,आर.अमित पाण्डेय ,आर. मनोज यादव , आर.उमेश मिश्रा , सैनिक सुधाकर मिश्रा , सैनिक प्रदीप दुबे एव सैनिक विनीत शुक्ला तथा रायपुर कर्चुलियान पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही है I

## मलकपुर तालाब में बाणसागर नहर का पानी न भरने गांधी विचार मंच मनगवां के संयोजक रामेश्वर गुप्ता ने आत्मदाह की घोषणा किया

रीवा। मध्य प्रदेश सरकार जहां एक और तालाब पोखरों को बचाने लगातार प्रयास कर रही है वहीं मनगांव के मलकपुर तालाब के प्रति की जा रही है उड़ान जनता समझ से परे है I मलकपुर तालाब में किया जा रहे अतिक्रमण एवं कार्यक्रम तथा पाठ सागर से तालाब में पानी भर जाने को लेकर गांधी विचार मंच के संयोजक रामेश्वर गुप्ता लगातार धरना प्रदर्शन कर तालाब के सौंदरीकरण हेतु शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं किंतु अभी तक किसी भी जन प्रतिनिधि का ध्यान इस ओर नहीं जा पाया है गांधी विचार मंच के संयोजक रामेश्वर गुप्ता ने जल सत्याग्रह भी कर चुके हैं किंतु मलकपुर तलब की हो रही है अपेक्षा कारण आत्मदाह की घोषणा की है श्री गुप्त ने प्रेस को दिए अपने जारी बयान में सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बाण सागर नहर का पानी उत्तर प्रदेश और बिहार भेजा जा रहा है। लेकिन मनगवां मलकपुर तालाब में जिसका क्षेत्रफल लगभग १*० एकड़ भूमि का है वहां पानी आखिर क्यों नहीं दिया जा रहा है इस संबंध में शासन और प्रशासन के कई बार ध्यान आर्टिस्ट कराया जा चुका है लेकिन उनके कान में जू नहीं रेगता I श्री गुप्त ने आगे कहा कि मलकपुर तालाब में किए गए अतिक्रमण पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद मलकपुर तालाब अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया।राज नेताओं, शासन प्रशासन और आमजन को मलकपुर तालाब का पानी नहीं चाहिए, क्यों कि यह सब पानी खरीद कर ज़िन्दगी जी रहे हैं। लेकिन गौवंश, अन्य पशु पक्षी छोटे छोटे जीव जंतु मलकपुर तालाब में पानी न होने से तड़प तड़प कर मर रहे हैं।बाण सागर नहर का पानी मलकपुर तालाब में पहुंचाने शासन प्रशासन रामेश्वर गुप्ता की बलि चाहता है। मलकपुर तालाब में पानी भरने १० अप्रैल को सूखे मलकपुर तालाब में रामेश्वर गुप्ता मनगवां के द्वारा अन्य जल त्याग कर आत्मदाह किया जायेगा। इतिहास गवाह है पूजनीय भागीरथ मां गंगा को पृथ्वी पर लाने घोर कठिन तपस्या किया था।